हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 सितंबर 2025

11 भूना के सरकारी स्कूल में मिड डे मील का अनाज-रिकॉर्ड बर्बाद



12 घग्गर में जलस्तर बढ़ने की रफ्तार थमी, बारिश से किसानों की...



## खबर संक्षेप

### किसान के बैंक खाते से 1 लाख 40 हजार निकाले

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने गांव भिरड़ाना के एक किसान के खाते से 1 लाख 40 हजार रुपये निकाल लिए। किसान ने न तो किसी के साथ कोई ओटीपी साझा किया और न ही बैंक डिटेल शेयर की, इसके बावजूद उसके खाते से यह राशि निकल गई। किसान को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने तुरंत इस बारे 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के बाद अब पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर युवक पर चाकू से किया हमला

**फतेहाबाद।** टोहाना के गांव डांगरा में दो युवकों ने एक घर में घुसकर युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव डांगरा निवासी सुरेश कुमार ने कहा है कि गत दिवस रात को वह घर पर सो रहा था। रात करीब दो बजे रघुवीर व प्रदीप निवासी डांगरा उसके घर घुस आए।

### युवक 70.17 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारेकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान रोड़ी क्षेत्र से एक युवक को 70.17 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारेकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि एसआई सतबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस टीम सुरतिया रोड से रोड़ी बस अड्डे की ओर जा रही थी। इस दौरान रविदास मंदिर के पास एक युवक पुलिस वाहन देखकर गली में मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने युवक का काबू कर लिया।

### आसमानी बिजली गिरने से उपकरण जले

**डबवाली।** दोपहर को हुई जोरदार बरसात के दौरान शहर के वार्ड नंबर 4 में एक मकान पर आसमानी बिजली गिरने से पंखे सहित कई बिजली उपकरण जल गए। जोरदार धमाके के साथ अचानक गिरी बिजली से वार्डवासियों में दहशत फैल गई। वार्डवासी संजय आहुजा ने बताया कि बिजली गिरने के समय वह घर पर नहीं थे, उस समय उनकी पत्नी और बेटी ही घर में मौजूद थीं।

### मोबाइल स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से खुइयां मलकाना में युवती से हुई मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी किंग पाल सिंह पुत्र राजविंद्र सिंह निवासी कुमिहारा जिला श्री मुक्तसर साहिब पंजाब को काबू किया है। राजपाल ने शिकायत में बताया कि अज्ञात स्कूटी सवार युवकों ने उससे घर का पता पूछने के बहाने उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गए।

### केबल चोरी करने के आरोपी का दबोचा

**सिरसा।** सिंहपुरा चौकी पुलिस ने सोलर प्लेट की केबल चोरी की वारदात में वांछित तीसरे आरोपी बोगा सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी संगत खुर्द हाल तलवंडी साबो जिला बठिंडा पंजाब को तलवंडी साबो पंजाब से काबू किया है। आरोपी के कब्जे से नकद राशि भी बरामद की गई है। सिंहपुरा चौकी प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि 04.09.2025 को मलकीत सिंह पुत्र रामसिंह निवासी सिंहपुरा की शिकायत पर किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके व उसके पड़ोसियों के सिंहपुरा-मिर्जाआना रोड पर स्थित खेतों से सोलर प्लेट की करीब 340 फुट केबल चोरी करने पर थाना कालांवाली में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

## प्राकृतिक आपदा का मिलकर करना होगा सामना : मुख्यमंत्री

# ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अब तक 1.70 लाख एकड़ खराबे का रजिस्ट्रेशनः सीएम

सीएम ने फतेहाबाद के बलियाला व चांदपुरा हैड का किया निरीक्षण



फतेहाबाद। बलियाला हैड का निरीक्षण करते सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में इस बार भारी बरसात के कारण सभी तरह की व्यवस्थाएं अव्यवस्थाओं में बदल गई है। प्राकृतिक आपदा का हम सबको मिलकर सामना करना होगा। लोग धैर्य रखें, प्रदेश सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। सीएम नायब सिंह सैनी ने रविवार को फतेहाबाद जिले के टोहाना क्षेत्र में बलियाला हैड और जाखल के चांदपुरा साइफन का निरीक्षण कर प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ के कारण लो लाइन एरिया में जलभराव हुआ है। फतेहाबाद, टोहाना, हिसार, हांसी में जहां-जहां दिक्कतें आई है, उसको देखने के लिए आए हैं। लोगों को भविष्य में ऐसे संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए आगे समाधान निकाला जाएगा। प्रशासन की अव्यवस्थाओं के सवाल पर सीएम ने कहा कि जब बहुत ज्यादा बारिश आती है, तो व्यवस्थाएं भी अव्यवस्था में बदल जाती है। सरकार के मंत्री, विधायक और अधिकारी लोगों के बीच जा रहे हैं। हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अधिकारी एक-एक पल की रिपोर्ट ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा का हमें मिलकर सामना करना होगा। सरकार मजबूती के साथ लोगों के साथ खड़ी है। जहां सुधार की जरूरत है, वहां आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### जरूरी सामान के 80 ट्रक पंजाब में भेजे

पंजाब में आई बाढ़ के सवाल पर सीएम ने कहा कि पंजाब में खराब हुए हालातों पर हमें दुख है। हमने पंजाब सरकार को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। पंजाब की स्थिति पर पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी नजर बनाए हुए हैं। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता भी सामान पहुंचा रहे हैं। 80 ट्रक हरियाणा ने पंजाब में भेजे हैं। आज भी 15 ट्रकों को भेजा है। 10 ट्रक हिमाचल भेजे हैं ताकि लोगों को किसी को कोई दिक्कत न आएं। सरकार किसानों व आम जन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली, पूर्व विधायक दुड़ाराम भी मौजूद थे।

**दमकौरा में काफिला रोककर सुनी समस्याः** सीएम नायब सैनी ने दमकौरा गांव में काफिला रोककर गाड़ी से नीचे उतर कर लोगों की समस्या सुनी। इस दौरान पंजाबी में बात करते हुए एक ग्रामीण ने पूछा कि आप कहें तो हिंदी में बोलूं। इस पर सीएम ने कहा कि वह खुद भी पंजाबी हैं। कोई दिक्कत नहीं। ग्रामीण ने कहा कि घग्गर नदी को आधा एकड़ का फैलाव देने की जरूरत है। इसकी खुदाई भी करवानी चाहिए। सीएम ने सकारात्मक भरोसा दिलाया।

### मिलेगा मुआवजा

*सीएम ने कहा कि बारिश और बाढ़ से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसके चलते सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। जिस पर अभी तक एक लाख 70 हजार एकड़ पर रजिस्ट्रेशन हो चुका है। सीएम ने कहा कि किसानों का फसल बुवाई में काफी खर्चा हुआ है। फसल अब बर्बाद हो गई है। प्रदेश सरकार भरपाई करने का काम करेगी। मकानों को नुकसान के सवाल पर सीएम ने कहा कि प्रदेश में जिन लोगों के मकानों की छत कच्ची है, उसे पक्का करने के लिए सरकार ने 78.50 करोड़ रुपए जारी किए हैं। बरसात से प्रभावित अन्य लोगों के सहायता के लिए सरकार द्वारा पैसा जारी किया जा रहा है।*



भूना। लहरियां गांव में मुख्यमंत्री के इंतजार में बैठे लोग। फोटो: हरिभूमि

## समस्याओं को लेकर भूख-प्यासे बैठे लोग

# सीएम का कार्यक्रम रद होने से फैली मायूसी

- मुख्यमंत्री का दौरा रद होना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यहां के लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरने जैसा

दलबीर सिंह ⏭भूना

बरसाती पानी से बेहाल गांव लहरियां, भूना और रहनखेड़ी के लोग रविवार सुबह से मुख्यमंत्री नायब सैनी के दौरे की उम्मीद में इंतजार करते रहे। लहरियां गांव के पेट्रोल पंप से लेकर भूना शहर के अग्रसेन चौक तक लोग बड़ी संख्या में भूखे-प्यासे अपनी समस्याएं लेकर जुटे थे, लेकिन जैसे ही मुख्यमंत्री के दौरा रद्द होने की सूचना मिली, वहां मौजूद लोगों के चेहरे मुरझा गए। मायूस और हताश लोग बिना कुछ कहे चुपचाप अपने घर लौटते नजर आए। गांव लहरियां और आसपास के गांवों में हाल ही में भारी बारिश के चलते जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खेतों में पानी भरा हुआ है, घरों में नमी और सडक़ों पर कीचड़ फैला हुआ है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री स्वयं मौके पर आकर हालात का जायजा लेंगे और राहत के लिए तुरंत कदम उठाएंगे। रहनखेड़ी और लहरिया गांव से आए लोग सुबह से ही पेट्रोल पंप पर डटे रहे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पानी की समस्या नहीं, बल्कि उनके जीवन की दुश्वारियों का मामला है।

### मौके पर कार्यक्रम रद

भूना के अग्रसेन चौक पर तो प्रशासन ने तैयारी भी कर ली थी। पानी निकासी, बाईपास की स्थिति और शहर के चारों ओर फैले जलभराव को लेकर स्थानीय लोग अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखना चाहते थे, लेकिन दौरा ऐन मौके पर रद हो गया। सूत्रों के मुताबिक, यह दौरा स्थानीय राजनीतिक खींचतान की भेंट चढ़ गया। पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष के बीच चल रही तनातनी के कारण मुख्यमंत्री ने आखिरी समय में अपना कार्यक्रम बदल लिया।

# सिरसाः बाजारों में अभी भी भरा पानी

- शहर में जलभराव ने लोगों की बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर में लगातार तीन दिन से हो रही बरसात ने शहर के हालात बिगाड़ दिए। पूरे शहर में बाजारों और गलियों में जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। शनिवार दोपहर को आई तेज बरसात के बाद अभी भी बाजारों में बरसाती पानी की निकासी नही हो पाई है। जिला प्रशासन द्वारा दो घंटे में शहर की सडक़ों से जलभराव निकालने के दावे हवा हवाई हो गए। बरसात के कारण परशुराम चौक से सुरखाब चौक तक 24 घंटे बाद भी जलभराव रहा।





सिरसा। बरसात के बाद सडक़ों पर हुए गहरे गड्ढे तथा सडक़ों पर जलभराव से गुजरते वाहन। फोटो: हरिभूमि

### सड़कों पर डेढ़ फुट तक गहरे गड्ढे बने

*शहर के सूरतगढ़िया चौक, सुरखाब चौक, कंगनपुर रोड, पटेल बस्ती और बस स्टेंड के पास अभी भी जलभराव है। जलभराव से शहर के विभिन्न बाजारों की सडक़ों पर एक से डेढ़ फुट तक गहरे गड्ढे बन गए है। लोगों ने चेतावनी बोर्ड लगाकर गड्ढों की ओर प्रशासन और प्रदेश सरकार का ध्यान खींचने का कार्य किया है। एक सप्ताह में तीसरी बार हुई तेज बरसात से शहर की सडक़ों पर हुआ पैचवर्क पूरी तरह उखड़ गया। नगरपरिषद ने लाखों की लागत से सडक़ों के पेचवर्क करवाए थे। अब अपनी पोल खुलते देख नगरपरिषद सडक़ों में बने गहरे गड्ढों को मलबा और पुरानी ईंटें डालकर भरने में लगी हुई है। शहर में बरसात के बाद रेलवे ओवरब्रिज और शहर की सडक़ों पर हुए गहरे गड्ढों से हादसों का खतरा बढ़ गया है। वाहन चालक बरसात के चलते सड़कों पर बने गहरे गड्ढों से लगातार चोटिल हो रहे है।*

# हिसार घग्गर ड्रेन की दरार पाटने का काम तेज

- ढाणीयों के निवासी पलायन को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

गांव मोडिया खेड़ा ओर गुडिया खेड़ा के बीच हिसार घग्गर ड्रेन के टूटने के दूसरे दिन भी बांधने का कार्य जारी है। दरार को बांधने के साथ कमजोर तटबंधों मजबूत करने का काम लगातार जारी है। ग्रामीण कस्सी, बठल और जेसीबी मशीनों की मदद से मिट्टी डालकर और बेग भरकर दरार को भरने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं लकड़ी की जालियां लगाकर और रस्सियों से बांधकर पानी की तेज धार को रोका जा रहा है। ग्रामीण दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नजर नहीं आया है। गांव गुडियाखेड़ा, मोडियाखेड़ा और आसपास के गांवों में अभी भी हालात गंभीर बने हुए हैं। किसानों ने चिंता जताई है कि यदि तुरंत राहत कार्य नहीं हुए तो नुकसान और भी बढ़ सकता है। प्रभावित क्षेत्रों में फसलों का बड़ा हिस्सा पहले ही जलमग्न हो चुका है और ढाणियों में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। किसान सतबीर का कहना है कि हम लोग अपनी जान जोखिम में डालकर तटबंधों को मजबूत कर रहे हैं। प्रशासन की टीमों का अब तक कोई असरदार रोल नहीं दिखा। अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो हालात और बिगड़ सकते हैं।



सिरसा। ढाणियों से पलायन करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### 5 से 7 फिट भरा पानी

खेतों में दर्जनों ढाणियों के चारों तरफ 5 से 7 फिट तक पानी भर गया। इसके चलते घरों का जरूरी सामान और पशुओं के लिए रखा चारा भी डूब गया। ढाणी निवासी पलायन को मजबूर हो गए है। हालात की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने आनन-फानन में ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनाज और अन्य सामान भरकर सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाना शुरू कर दिया। कई परिवारों ने अपने घरेलू सामान को भी लादकर ढाणियों से पलायन करना शुरू कर दिया है। इसी बीच किसानों ने अपनी पक्की फसलों को बचाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। खेतों में नरमा, कपास और बाजरे की फसलें पानी में डूब चुकी हैं।

# नशे के कारण युवक की मौत मामले मे महिला आरोपी काबू



**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने नशे के कारण युवक की 05.05.2025 को हुई मौत के दर्ज मामले में कमलेश रानी पुत्री हरबंस सिंह निवासी ढाणी संता सिंह को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि 04.05.2025 को बलविंद्र सिंह (28) पुत्र बग्गा सिंह कुत्ताबढ़ निवासी की नशे की अधिक मात्रा के कारण मौत हो गई। मृतक के पिता बग्गा सिंह के बयान के अनुसार बलविंद्र को जोगिंद्र सिंह उर्फ फोजा सिंह और जसविंद्र सिंह निवासी कुत्ताबढ़ पहले नशा दिया करते थे। 04.05.2025 को बलविंद्र ने मोहर सिंह थेड़ी मेला जाने की बात कहकर घर से निकला लेकिन शाम को उसका फोन बंद हो गया। परिजनों ने तलाश शुरू की तो वह अनाज मंडी कुत्ताबढ़ के ग्राम सचिवालय में कुर्सी पर बेहोश मिला, उसके मुंह से झाग निकल रहा था। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ऐलनाबाद ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि बलविंद्र के साथ जोगिंद्र सिंह और जसविंद्र सिंह मौजूद थे।

# टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने युवक से लाखों रुपये ठगे

**फतेहाबाद।** पार्ट टाइम जॉब और टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने फतेहाबाद के एक युवक से लाखों रुपये हड़प लिए। जब युवक को अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धांगड़ निवासी पवन कुमार ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत दिवस उसके मोबाइल पर व्हाटसएप मैसेज आया। जिसमें कहा गया था कि अगर वह पार्ट टाइम जॉब करना चाहता है तो उसे एक टास्क मिलेगा, जिसे उसे पूरा करना होगा। इसके बाद उसे टास्क पूरे कर दिए तो उन्होंने उसके पास टेलीग्राम का लिंक स्वीट सोहना के नाम से भेजा। उसने टेलीग्राम लिंक ज्वाइन कर लिया। इसके बाद जब उसने टास्क पूरे किए तो 3 अगस्त को उसके खाते में 150-150 रुपये आ गए। इसके बाद उसने अपने खाते कुछ पैसे डाले। इसके बाद वह अलग-अलग तारीख को यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से अकाउंट में पैसे डालता रहा।

# 6 महिलाएं चोरी करती रंगे हाथों पकड़ी

- दुकान मालिक ने पुलिस को दी सुचना, महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर के सरदूलगढ़ रोड पर एक स्क्रैप स्टोर के मालिक ने आज उसकी दुकान से चोरी करते हुए 6 महिलाओं को रंगे हाथों पकड़ लिया इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और महिलाओं को काबू कर थाने ले गई। पुलिस द्वारा महिलाओं से पूछताछ शुरू कर दी गई है। रतिया के सरदूलगढ़ रोड पर कुलदीप मोटर्स के नाम से स्क्रैप की दुकान चलाने वाले देशराज ने बताया कि उनकी दुकान में लगातार सामान चोरी हो रहा था। इसी महीने में चार बार चोरी हो चुकी थी। इन चोरी के दौरान उनका करीब दो लाख रुपए का सामान गायब हो गया। उन्होंने सीसीटीवी खंगाले तो कुछ महिलाएं नजर आई, जो सामान चोरी करती दिखी



रतिया। महिलाओं को थाने ले जाते पुलिस की टीम। फोटो: हरिभूमि

## धर्म-कर्म

### आज सुबह मंगल आरती के समय खुलेंगे कपाट

यह साल का अंतिम चन्द्रग्रहण, अब अगला 31 मार्च 2028 को लगेगा

# चन्द्रग्रहण का सूतक लगते ही बंद हो गए मंदिरों के कपाट, रविवार को नहीं हुई पूजा



फतेहाबाद। बंद पड़े श्री श्याम मंदिर के कपाट।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भादो की पूर्णिमा पर आज साल के अंतिम चन्द्रग्रहण पर सूतक लगने से पहले ही यहां के सभी मंदिरों के कपाट बंद हो गए। अब मंदिर सोमवार सुबह मंगल आरती के समय खुलेंगे। इससे पूर्व यहां पर साफ-सफाई के बाद भगवान की प्रतिमाओं को स्नान करवाया जाएगा। आज चन्द्रग्रहण के अवसर पर लोगों ने पूजा अर्चना नहीं की व अपने इष्ट देवता व गुरूओं का मंत्र जाप किया। यह साल का अंतिम चन्द्रग्रहण था। अब अगला चन्द्रग्रहण 31 मार्च 2028 को लगेगा। श्री श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा के अनुसार रविवार को चन्द्रग्रहण की शुरूआत रात 9 बजकर 58 मिनट पर हुई, जिसका समापन सोमवार को देर रात को 1 बजकर 26 मिनट पर हुआ। यह चन्द्रग्रहण लोगों ने साफ देखा। इससे पूर्व सूतक काल की शुरूआत दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर हो चुकी थी। रात को 1 बजकर 26 मिनट पर सूतक काल खत्म हो जाएगा।

### सनातन धर्म में चंद्रग्रहण अशुभ : सोनू शर्मा

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार सनातन धर्म में चन्द्रग्रहण को अशुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि सूर्य और चन्द्रमा के बीच पृथ्वी के आने से सूर्य की किरणें चन्द्रमा तक नहीं पहुंचती, इसलिए चन्द्रग्रहण लगता है। चन्द्रग्रहण की समाप्ति के बाद लोग मंदिरों की साफ-सफाई करते हैं और घर में गंगा जल का छिडक़ाव किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार कुछ विशेष चीजों का दान करने से चन्द्रग्रहण का अशुभ प्रभाव दूर हो जाता है। चन्द्रग्रहण के दौरान लोगों ने खाना भी नहीं खाया और निर्धन लोगों को गेहूं, आटा व अन्य चीजें दान-दक्षिणा में दी।

# अपहरण के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

- पैसों की लेन-देन के चलते गांव दहमान के युवक का किया था अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पैसों के लेन-देन के चलते गांव दहमान के एक युवक का अपहरण करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भुना पुलिस ने दो और युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहताश उर्फ भारत सिंह पुत्र बनवारी लाल निवासी चक 16, जेएसएन पंचायत गुडिय़ा, नोहर, राजस्थान तथा बंटी कुमार पुत्र करतार सिंह, निवासी बीघड़ रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। इससे पहले भी इसी मामले में दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।



फतेहाबाद। अपहरण मामले में गिरफ्तार दोनों युवक। फोटो: हरिभूमि


समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।


उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# भविष्य कंप्यूटर का, टीचर बनकर चमकाएं करियर



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें।

## बहुत ज्यादा नौकरियां

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्त्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्त्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## इस तरह बन सकते हैं कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### आने वाला भविष्य कंप्यूटर आधारित, इसका नॉलेज आपको रखेगा आगे

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूट्यूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

---

## 12वीं पास करने के बाद बीए तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीए के बाद करियर : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में मिलते हैं बेहतरीन अवसर



**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### सामाजिक विज्ञान व भाषाओं की देती है गहरी समझ

अगर आपने सिर्फ बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) किया है तो घबराएं नहीं। बीए करने के बाद भी आप अपने करियर को बेहरीन उड़ान दे सकते हैं। बीए तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को ह्यूमनिटीज, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं की गहरी समझ प्रदान करती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है जैसे हिंदी, अंग्रेज़ी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और जनसंचार। वहीं बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम किसी एक विषय में गहन और विशेषज्ञ अध्ययन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छात्र अंग्रेज़ी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र या जनसंचार जैसे विषयों में ऑनर्स करके उस क्षेत्र में गहरी जानकारी और शोध क्षमता प्राप्त करते हैं। इन स्पेशलाइज़ेशन के आधार पर विद्यार्थी आगे चलकर कंटेंट राइटिंग, रिसर्च, शिक्षण, काउंसलिंग, प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया, सामाजिक कार्य और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में अलग-अलग करियर मार्ग चुन सकते हैं।


**इस कोर्स में कई विषयों का अध्ययन करने में सक्षम होकर बनते हैं काबिल**

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बीए की शैक्षणिक पृष्ठभूमि छात्रों को विचार करने, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता प्रदान करती है। लेकिन वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक स्किल्स से भी लैस हों। चाहे पत्रकारिता हो, कंटेंट राइटिंग, प्रशासनिक सेवाएं या कॉर्पोरेट सेक्टर-हर जगह दक्षता की मांग है।

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

- प्रभावशाली लेखन और संवाद कौशल
- डिजिटल दक्षताः एमएस ऑफिस, कंटेंट मैनेजमेंट टूल्स
- डेटा रिसर्च और रिपोर्ट लेखन
- सार्वजनिक बोलने और प्रस्तुति कौशल
- आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता
- पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया हैंडलिंग स्किल्स



### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

**सरकारी क्षेत्र बीए डिग्रीधारकों के लिए आकर्षक और स्थिर अवसर प्रदान करता है। बैंकिंग, बीमा, रेलवे, डाक विभाग, रक्षा सेवाएं, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भर्तियां होती हैं। शुरुआती वेतनमान 30,000 से 45,000 मासिक तक हो सकता है, जबकि अनुभव और उच्च पद पर यह 80,000 से 1,20,000 तक पहुंच जाता है।**

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र
- सिविल सेवाओं में उच्च सफलता दर
- ग्राम विकास अधिकारी
- पंचायत सचिव
- लोकसभा/राज्यसभा रिसर्च फेलो

**अर्थशास्त्र**
- आर बी आई असिस्टेंट
- सांख्यिकी विभाग में सहायक
- इस इस सी में इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर

**मनोविज्ञान**
- रक्षा सेवाओं में मनोवैज्ञानिक अधिकारी
- सामाजिक न्याय विभाग में काउंसलर
- पुलिस विभाग में रिक्रूटमेंट/ट्रेनिंग काउंसलर

**भूगोल**
- सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारी पद
- पर्यावरण एवं जलवायु विभाग में अनुसंधान सहायक
- आपदा प्रबंधन विभाग में सहायक पद

**जनसंचार**
- सरकारी सूचना सेवा
- प्रसार भारती में रिपोर्टर/प्रोड्यूसर
- राज्य सूचना विभाग में पब्लिक रिलेशन अफसर

**रक्षा सेवाएं**
- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**उच्च अध्ययन के विकल्प**
- पाठ्यक्रम विवरण
- एम.ए. (स्पेशलाइजेशन अनुसार) उच्च शिक्षा व शोध हेतु आवश्यक
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं हेतु
- बी.एड. शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य
- एल.एल.बी. वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, सिविल सेवाओं में सहायक
- मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज़्म मीडिया, एंकरिंग, रिपोर्टिंग व पीआर में करियर
- समाजकार्य में मास्टर्स (एमएसडब्ल्यू) एनजीओ, पब्लिक हेल्थ व सामाजिक सेवा क्षेत्र हेतु
- मनोविज्ञान में पीजी/डिप्लोमा काउंसलिंग व क्लिनिकल मनोविज्ञान क्षेत्र हेतु

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीए डिग्रीधारकों के लिए निजी क्षेत्र में विविध क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, शिक्षा, पब्लिक रिलेशन, कंटेंट राइटिंग, मानव संसाधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, काउंसलिंग, एडटेक और टूरिज़्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। शुरुआती वेतनमान 15,000 से 25,000 मासिक हो सकता है, वहीं अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह 40,000 से 70,000 तक पहुंच सकता है। निम्न लिखित निजी क्षेत्रों में आप अपना करियर बना सकते हैं।

**मीडिया एवं जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- न्यूज़ एडिटर
- पब्लिक रिलेशन एग्जीक्यूटिव

**कंटेंट एवं डिजिटल सेक्टर**
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव

**शिक्षा एवं प्रशिक्षण**
- टीचिंग असिस्टेंट
- ऑनलाइन ट्यूटर
- एजुकेशन काउंसलर

**कॉरपोरेट एवं मानव संसाधन**
- एचआर असिस्टेंट
- ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर
- एडमिन एग्जीक्यूटिव

**पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र**
- टूर गाइड
- ट्रैवल कंसल्टेंट
- हॉस्पिटैलिटी एग्जीक्यूटिव

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- अंग्रेज़ी/हिंदी साहित्य
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- ट्रांसलेटर
- प्रकाशन सहायक

**इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र**
- रिसर्च असिस्टेंट
- पब्लिक पॉलिसी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया कैम्पेनर
- एनजीओ कोऑर्डिनेटर

**अर्थशास्त्र**
- रिसर्च एनालिस्ट
- डेटा एंट्री एवं एम आई इस एग्जीक्यूटिव
- मार्केट सर्वे एग्जीक्यूटिव
- फाइनेंशियल कंसल्टिंग असिस्टेंट

**मनोविज्ञान**
- काउंसलर (स्कूल/कॉलेज)
- एचआर ट्रेनिंग असिस्टेंट
- बिहेवियरल एनालिस्ट
- करियर काउंसलर

**भूगोल**
- जी आई इस असिस्टेंट
- टूर एवं ट्रैवल कंसल्टेंट
- सर्वे रिसर्चर

**दर्शनशास्त्र**
- एथिक्स ट्रेनर
- शिक्षा व वैचारिक शोध सहायक

**जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- पीआर एग्जीक्यूटिव
- डिजिटल मीडिया कोऑर्डिनेटर

### स्किल्स विकसित करें छात्र

बीए केवल एक स्नातक डिग्री नहीं, बल्कि यह छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और करियर विकल्पों का विस्तृत मार्ग प्रदान करती है। यदि छात्र अपनी स्पेशलाइज़ेशन के अनुरूप स्किल्स विकसित करें और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च अध्ययन के लिए प्रयास करें, तो वे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं। अपने करियर का चुनाव करने से पहले किसी भी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# सपनों को हकीकत में बदलें : भारत की चुनौतियों में सकारात्मक बदलाव की राह



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत, एक ऐसा देश जो विविधता, संस्कृति और अवसरों का संगम है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, शिक्षा तक सीमित पहुंच, और सामाजिक दबाव जैसे हालात कभी-कभी हमारे सपनों को धूमिल कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, ये चुनौतियाँ आपके सपनों को रोकने की ताकत नहीं रखतीं। आपमें वह शक्ति है जो इन कठिनाइयों को अवसरों में बदल सकती है। सपने वो बीज हैं, जो आपके मन में बोए जाते हैं। लेकिन उन्हें पनपने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सबसे पहले अपने सपनों को स्पष्ट करें। आप क्या बनना चाहते हैं? क्या हासिल करना चाहते हैं? चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, उद्यमी, या कुछ और बनने का सपना हो, उसे कागज पर लिखें।

## चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें

भारत में कई बार सामाजिक या आर्थिक दबाव हमें अपने सपनों से भटका देते हैं। लेकिन याद रखें, आपका सपना आपकी ताकत है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक छोटे शहर या गाँव से हैं, जहां संसाधनों की कमी है, तो यह आपके लिए रुकावट नहीं, बल्कि एक प्रेरणा होनी चाहिए कि आप उन सीमाओं को तोड़ सकते हैं।

**चुनौतियों को अवसरों में बदलें** : भारत में कई छात्र आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, या परिवार के दबाव का सामना करते हैं। लेकिन इन चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें। हर मुश्किल एक सबक है। उदाहरण के लिए।

**आर्थिक तंगी**: अगर आपके पास कोचिंग या महंगे संसाधनों के लिए पैसे नहीं हैं, तो इंटरनेट का उपयोग करें। आज यूट्यूब, खान एकेडमी, और कई मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो आपको मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दे सकते हैं।

**सामाजिक दबाव**: अगर आपके परिवार या समाज को आपके सपनों पर भरोसा नहीं है, तो धैर्य और संवाद से उन्हें समझाएँ। अपनी मेहनत और छोटी-छोटी उपलब्धियों से उनके विश्वास को जीतें।

**प्रतिस्पर्धा**: भारत में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, लेकिन यह आपको और मजबूत बनाती है। अपनी तुलना दूसरों से न करें; अपने लक्ष्य पर ध्यान दें और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करें।

**सकारात्मक सोच**: आपकी सबसे बड़ी ताकत सकारात्मक सोच वह जादू है, जो असंभव को संभव बनाती है। भारत जैसे देश में, जहाँ हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आती हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की हिम्मत देता है। अपने मन से नकारात्मक विचारों को हटाएँ। अगर आप सोचते हैं कि "मैं यह नहीं कर सकता", तो उसे बदलकर कहें, "मैं कोशिश करूँगा और सीखूँगा।" प्रेरणा लें उन लोगों से, जिन्होंने भारत में कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को हासिल किया। जैसे किः

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**: एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**: एक छोटे से गाँव से शुरूआत कर उन्होंने रिलायंस जैसी विशाल कंपनी बनाई। उनकी कहानी हमें बताती है कि सपने देखने की कोई सीमा नहीं होती।

## छोटे कदम, बड़े परिणाम

सपनों को हासिल करने के लिए बड़े-बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम भी आपको मंजिल तक ले जा सकते हैं। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। उदाहरण के लिए, अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो हर दिन कुछ घंटे पढ़ाई के लिए निकालें। एक समय में एक विषय पर ध्यान दें। अपनी प्रगति को ट्रैक करें और हर छोटी उपलब्धि पर खुद को प्रोत्साहित करें।

**शिक्षा और कौशल**: आपके सपनों की नींवः भारत में शिक्षा और कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर आपके पास संसाधन सीमित हैं, तो सरकारी योजनाओं और स्कॉलरशिप का लाभ उठाएँ। साथ ही, आज के डिजिटल युग में तकनीकी कौशल सीखना बहुत जरूरी है। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस जैसे कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि आपके सपनों को नई उड़ान भी दे सकते हैं।

**समुदाय और सहयोग**: एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंः अकेले चलना मुश्किल हो सकता है। अपने आसपास के दोस्तों, शिक्षकों, या मेंटर्स का सहारा लें। एक-दूसरे के साथ ज्ञान और प्रेरणा साझा करें। भारत में कई गैर-लाभकारी संगठन और समुदाय हैं, जो छात्रों को मुफ्त में मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करते हैं। इनका लाभ उठाएँ और अपने सपनों को और मजबूत करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्कृत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### डीएमसी ने सफाई व्यवस्था को लेकर लिया फीडबैक

**फतेहाबाद।** शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला नगर आयुक्त यानि डीएमसी ने नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर शिव नगर और नहर कॉलोनी का दौरा किया। इस दौरान डीएमसी ने स्थानीय महिलाओं से सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया। महिलाओं ने बताया कि गलियों में बेसहारा पशुओं का जमावड़ा रहता है, जो घरों के आगे गोबर कर देते हैं, जिससे गंदगी फैलती है। इस पर डीएमसी ने सुझाव दिया कि घरों के आगे गीला कचरा न फेंका जाए, क्योंकि यह पशुओं को आकर्षित करता है।

### फर्जी कंपनी बना कर की धोखाधड़ी, आरोपी काबू

**हांसी।** आर्थिक अपराध शाखा पुलिस ने फर्जी कंपनी बनाकर लोगों से रुपए ऐंठने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जींद जिले के गांव गतौली व हाल शिवपुरी कालोनी जींद निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई जोगेंद्र ने बताया कि आरोपी ने गो भक्ति इंडस्ट्रियल के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खेलते हुए लाखों रुपयों की धोखाधडी की थी। आर्थिक अपराध शाखा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपी को न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### स्कूल परिसर में डेढ़ से दो फुट तक बरसाती पानी जमा

# भूना के सरकारी स्कूल में जलभराव से मिड डे मील का अनाज-रिकॉर्ड बर्बाद

- छोटे बच्चों के साथ हादसे की आशंका बनी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

राजकीय मिडल स्कूल, जो खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बिल्कुल साथ स्थित है, में भारी जलभराव के चलते हालात बिगड़ चुके हैं। पूरे स्कूल परिसर में करीब डेढ़ से दो फुट तक पानी जमा है, जिससे सोमवार को लगने वाली कक्षाओं पर सवाल उठ खड़ा हुआ है। स्कूल के मुख्य अध्यापक शमशेर सिंह ने बताया कि जलभराव की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है और पहली से पांचवीं कक्षा के छोटे बच्चों के साथ हादसे की आशंका बनी हुई है।

विद्यालय में कुल 450 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिनमें 235 प्राइमरी के हैं। भारी बारिश के चलते मिड डे मील के तहत रखा गया 15 क्विंटल चावल व 15 गेहूं मिडल स्कूल में और 20 क्विंटल अनाज प्राइमरी स्कूल में पानी में भीगकर खराब हो गया। साथ ही, महत्वपूर्ण रिकॉर्ड भी नष्ट हो चुका है। अध्यापक ने बताया कि रविवार को जब वे स्कूल के कमरों में पहुंचे, तो वहां करंट आ रहा था, जिससे वे बाल-बाल बचे। उन्होंने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने और बच्चों की छुट्टी को लेकर उचित निर्णय लेने की मांग की है।उधर मॉडल टाउन, चंदन नगर, श्याम विहार, शहीद भगत सिंह मार्केट, धमीजा कॉलोनी 12, 13, 14 व 15 वार्ड में जलभराव की समस्या अभी बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जल प्रभावित एरिया के लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें बीमारी से संबंधित दवाइयां भी दी। जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जहां पानी का ठहराव है वहां पर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाई का छिड़काव किया।





**भूना।** मॉडल टाउन में जलभराव की समस्या दूर करते हुए विभाग की टीम तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम जल प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके दवाइयां देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### शहर में जलभराव से पेयजल संकट, बाबा श्याम वेलफेयर सोसायटी और पब्लिक हेल्थ ने बढ़ाया मदद का हाथ

*शहर में बीते एक सप्ताह से लगातार हो हुई भारी बारिश के कारण जलभराव की कुछ आवासीय कॉलोनी में गंभीर स्थिति बनी हुई है। शहर के 10 से 15 वार्डों समेत कई इलाकों में जलभराव के चलते पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। इससे लोगों को पीने के पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में सामाजिक संस्था बाबा श्याम वेलफेयर सोसायटी व पब्लिक हेल्थ लोगों के लिए मदद का सहारा बनी है। पब्लिक हेल्थ वॉटर टैंकर के माध्यम से और संस्था की दस सदस्यीय टीम पिछले दो दिनों से ट्रैक्टर-टैंकर के माध्यम से निःशुल्क पेयजल वितरण का कार्य कर रही है। संस्था अध्यक्ष विजय सहारण ने बताया कि जलभराव के कारण पेयजल सप्लाई दूषित हो सकती थी, जिस वजह से विभाग ने पानी की सप्लाई बंद कर दी है।*
*सहारण ने बताया कि कुछ इलाकों में घरों में तीन से चार फुट तक पानी भर गया है, जिससे आमजन को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए ताकि वे फिर से अपने जीवन को पटरी पर ला सकें*



**भूना।** बाबा श्याम वेलफेयर सोसायटी की टीम टैंकर से पानी देते हुए।



**रतिया।** भजन गायकों को सम्मानित करते हुए प्रधान संजू जैन व अन्य सदस्य।

### जैन स्थानक में मनाया महिला दिवस

# समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान

- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक भजन प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

जैन स्थानक में जैन महासाध्वी सुनंदा महाराज, सुसाध्वी सम्यक श्री महाराज एवं सिद्धायिका महाराज के सानिध्य में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैथल व बनूड़. से भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और उन्होंने धार्मिक भजन भी प्रस्तुत किए।

इस दौरान प्रवचन करते हुए जैन महासाध्वी सुनंदा जी महाराज, सुसाध्वी सम्यक श्री जी महाराज एवं सिद्धायिका जी महाराज ने महिलाओं के विभिन्न रूपों जैसे गृहिणी, माता और दुर्गा के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला और उन्हें ज्ञान, प्रेम और सेवा से प्रेरित किया।

#### महिलाओं के त्याग का महत्व समझाया

*महिलाओं के त्याग, प्रेम, और सेवा का महत्व समझाया। जैन साध्वियों ने महिलाओं को शिक्षित, सुशिक्षित और सुगृहिणी बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वे परिवार और समाज के लिए एक आदर्श बनें। समाज में महिलाओं को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा प्राप्त है। महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें सामाजिक व आध्यात्मिक रूप से विकसित करने के लिए किए जाते हैं। कार्यक्रम में कैथल के सुनील जैन ओसवाल व भजन गायकों को एस.एस. जैन सभा के प्रधान संजू जिंदल व सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।*

# एसोसिएशन के प्रधान बने संजीव डोडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

होलसेल क्लॉथ एसोसिशन सिरसा की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई कार्यकारिणी को लेकर विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वस मति से संजीव डोडा को प्रधान, संजय गर्ग को उपप्रधान, हेमंत गुप्ता को सचिव, शैलेश गोयल को कोषाध्यक्ष व अमित गोयल को सहसचिव पद पर नियुक्त किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता राजकुमार धानुका, ललित मोहन जिंदगर, कृष्ण कुमार जिंदगर, मदन सेतिया, गोपाल असीजा, सीताराम शर्मा व राज ग्रोवर ने की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मोहित डिंग वाला ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को माला पहनकर सम्मानित किया व बधाई दी। प्रधान संजीव डोडा ने सभी सदस्यों को आश्वास्त किया कि संस्था क्लॉथ संगठन के सभी व्यापारियों की समस्या के लिए हमेशा तैयार रहेगी।



### स्नैचिंग के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** टोहाना में एक युवक से मोबेइल फोन व नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरमुख सिंह उर्फ कालू पुत्र लभ सिंह, निवासी शिमलापुरी मोहल्ला रतिया, हाल फतेहगढ़ छाना, जिला संगरूर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने इंद्रपाल पुत्र बहादुर चंद, निवासी वार्ड नं. 4, रामनगर, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह कार्य से लौट रहा था, तो रास्ते में तीन अज्ञात युवकों ने उसे रोककर उसका मोबाइल फोन, नकदी और दुकान की चाबी छीन ली और मौके से फरार हो गए। इस शिकायत पर थाना सदर टोहाना में स्नैचिंग की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

# सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



- सावधानियां अपनाकर हम स्वयं को रख सकते हैं सुरक्षित

एसपी सिद्धांत जैन ने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं और अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि पर हमेशा सतर्क रहें। चोर और पॉकेटमार भीड़ का फायदा उठाते हैं, इसलिए अपने बैग या जेब पर ध्यान रखें और संदिग्ध व्यक्तियों से दूरी बनाए रखें। एसपी ने साइबर अपराधों से सावधान रहने की भी अपील की। किसी भी कॉल या मैसेज पर अपनी बैंक डिटेल्स, एटीएम नंबर, पासवर्ड या ओटीपी साझा न करें। ऑनलाइन भुगतान केवल आधिकारिक और सुरक्षित एप या वेबसाइट पर ही करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वाहन पार्क करते समय उसे लॉक अवश्य करें और वाहन में कीमती सामान खुला न छोड़ें।



**सिरसा।** सड़क पर से कूड़ा उठाते सफाई कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत जिला प्रशासन शहर को स्वच्छ और कूड़ा-मुक्त बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है। कॉलोनियों और बाजारों में सफाई कर्मचारियों की टीम नियमित रूप से लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित कर रही है। अभियान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है और लोगों में जागरूकता भी बढ़ रही है। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। शहर को स्वच्छ बनाए रखने में प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है।

#### लोगों से की अपील

*उपायुक्त ने कहा कि यह मुहिम केवल 11 सप्ताह तक सीमित नहीं है बल्कि इसे नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। लोगों से अपील की गई कि वे गलियों और खाली प्लॉटों में कूड़ा न फेंके, डस्टबिन का उपयोग करें और नगर परिषद व पालिका की गाड़ियां में ही कचरा डालें। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को भी जोड़ा गया है। पार्कों में साफ-सफाई के साथ पौधरोपण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि स्वच्छता और हरियाली दोनों का संदेश समाज तक पहुंचे। एडीसी ने आह्वान किया कि वे इस स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और सिरसा को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने में प्रशासन का सहयोग करें।*

### 8 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग की गई

# नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों व आमजन को किया जागरूक

- गांव भट्टूकलां में विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में जिलेभर में नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना स्तर पर गठित नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा गांव भट्टूकलां में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एसआई सुंदर ने किया। कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भट्टू कलां के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है। विद्यार्थियों को समझाया गया कि शुरुआत में अक्सर लोग जिज्ञासा या दोस्तों के दबाव में नशे की ओर कदम बढ़ा देते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह लत जीवन को पूरी तरह बर्बाद कर देती है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहें और अगर आसपास कोई इस बुराई में फंसा है तो उसे नशा छोडऩे के लिए प्रेरित करें। इसके नशा मुक्ति टीम ने गांव में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर आमजन को भी जागरूक किया।



**फतेहाबाद।** भट्टूकलां में विद्यार्थियों को जागरूक करते एसआई सुंदर।

#### नशा पारिवारिक कलह की जड़

*लोगों को समझाया गया कि नशा अपराध और पारिवारिक कलह की जड़ है। यदि समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाना है तो हमें नशे की प्रवृति को जड़ से समाप्त करना होगा। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति टीम ने गांव में 8 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जो नशे की चपेट में हैं। इन सभी को काउंसलिंग के बाद उचित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई। टीम द्वारा उन्हें होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गईं ताकि वे धीरे-धीरे नशे से बाहर निकल सकें और सामान्य जीवन जी सकें। नशा मुक्ति टीम ने बताया कि इस तरह की पहल आगे भी निरंतर जारी रहेगी और जिले के प्रत्येक गांव में जाकर विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक किया जाएगा।*

## न्यूज डायरी

### चिल्ली झील इलाके में अवैध कब्जे हटवाए प्रशासन

फतेहाबाद। बाढ़, बरसाती पानी से जलभराव व प्राकृतिक आपदा पर भाजपा नेता महेश शर्मा ने चिंता जताते हुए फतेहाबाद जिला प्रशासन से मांग की है कि फतेहाबाद शहर को बरसात में जलभराव एवं प्राकृतिक आपदा बाढ़ से होने वाली संभावित भारी तबाही से बचाने के लिए चिल्ली वाली झील के इलाके में अवैध कब्जों को चिन्हित करके तुरंत प्रभाव से हटवाया जाए, क्योंकि भूना में जोहड़ में अवैध कब्जों के कारण ही सही समय पर निकासी ना हो पाने के कारण भारी तबाही देखी गई है। भूना में घरों, दुकानों, बेसमेंट, ढाणियों व खेतों में बाढ़ का पानी घुसने के कारण भारी तबाही हुई है। हजारों लोगों को आर्थिक नुक्सान पहुंचा है। यह परिस्थिति फतेहाबाद में ना आए, इसलिए प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं को अभी से सचेत होना चाहिए। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि शहर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं, जागरूक एवं राष्ट्रवादी लोग पहल करते हुए एक मुहिम चलाकर प्रशासन का सहयोग करते हुए चिल्ली झील वाले इलाके से अवैध कब्जों को हटवाएं।

### जैन स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सिरसा।** सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। मां सरस्वती के चरणों में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के रूप में आज शिक्षकों ने भाषण, भजन गीत गाकर व विद्यालय में बीते वर्षों के अनुभवों को सबके साथ सांझा किया। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मक्खनलाल गोयल, प्रबंधक हनुमान मल गुजरानी, ट्रस्टी देवेंद्र डागा, प्रिंसिपल रेणु बाला और मैडम सुनीता द्वारा केक कटवाकर शिक्षक दिवस मनाया। प्रिंसिपल ने सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए धन्यवाद देते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

### लोक चेतना मंच ने उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह किया आयोजित

# बच्चों को नैतिक मूल्यों, रचनात्मक कार्य, साहित्य के साथ जोड़ने का बहुमूल्य कार्य करता है शिक्षक: डॉ मंडेर

- समाज सेवी कैप्टन गुरमुख सिंह ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

लोक चेतना मंच हरियाणा द्वारा अध्यापक दिवस को समर्पित उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाज सेवी कैप्टन गुरमुख सिंह भुल्लर शामिल हुए जबकि मंच के चेयरमैन डॉ नैब. सिंह मंडेर ने समारोह की अध्यक्षता की। अध्यक्षीय मण्डल में महासचिव कृष्ण सिंह चित्रकार एवं सम्मानित शख्सियत रोबिन कुमार अर्थशास्त्र प्रवक्ता और नानक चंद प्रवक्ता पंजाबी शामिल हुए। समारोह के आरम्भ में सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित करके समारोह का आगाज हुआ। मंच के महासचिव कृष्ण सिंह चित्रकार ने स्वागत करते हुए मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।



**रतिया।** शिक्षकों को सम्मानित करते मंच सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

मंच के चेयरमैन डॉ. मंडेर ने रोबिन कुमार एवं प्रवक्ता नानक चंद की शिक्षा के क्षेत्र में कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों सम्मानित शख्सियतों ने बच्चों को नैतिक मूल्यों, रचनात्मक कार्य, साहित्य के साथ जोड़ने का बहुमूल्य कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमेशा अपनी ड्यूटी के प्रति वफादार होते हुए सामाजिक कार्यों में अपना रोल अदा करता है तो उस शिक्षक का मान सम्मान समाज में होता ही है। अच्छे समाज की सृजना में अध्यापक का विशेष रोल होता है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंच के वरिष्ठ सदस्य जोगिंदर सिंह गोगी, हैप्पी सिंह सेठी, उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह सिद्धू, गुरजीत कौर परमार, पुनीत कुमार, मनमोहन सिंह खोखर, हरप्रीत सिंह, एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर ने भी अपने संबोधन में शिक्षक और समाज के संबंधों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। समारोह में बेन्त कौर मंडेर, सुखप्रीत सिंह मंडेर, राजविंदर कौर, विक्रम सैनी, मंदीप सिंह, गुरप्यार सिंह, गुरनूर, प्रभजोत सहित मंच के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में भागवत कथा का तीसरा दिन


# राम नाम सर्व सुखों की खान: स्वामी दिनेशानंद

**नाम में अनेक रिद्धियां सिद्धियां, विभूतियां व स्वर्ग के सुख छिपे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राम से बड़ा राम का नाम है, राम से ज्यादा उसके नाम में शक्ति है। नाम ही है जो भक्त को भगवान से जोड़ता है। नाम भक्त का पालन-पोषण ही नही करता बल्कि उसकी प्रत्येक क्षण रक्षा भी करता है। नाम में अनेक रिद्धियां-सिद्धियां, विभूतियां व स्वर्ग के सुख छिपे हैं।

यह उद्गार योगाचार्य स्वामी भगवान देव परमहंस के शिष्य गद्दीनशीं अखिल भारतीय धर्म सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद महाराज ने श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहे। स्वामी जी ने राम नाम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम से बड़ा राम का नाम है और राम नाम को जपकर मानव भवसागर तर सकता है। भक्त ध्रुव और प्रह्लाद प्रसंग पर बोलते हुए स्वामी जी ने कहा कि ध्रुव केवल पांच वर्ष की उम्र में ही भगवान से मिलकर अमर हो गए। भक्त ध्रुव ने कठोर तपस्या की, ध्रुव के पिता और जगत ने ध्रुव और उसकी माता सुनीती को ठुकरा दिया। तब चारों और से हताश और निराश होकर केवल छह महीने तक ध्रुव ने कठोर साधना की। ध्रुव की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उसे राजा ही नहीं बनाया बल्कि प्रत्युत मरने के बाद मोक्ष भी प्रदान किया। उसके उपर सभी प्रकार के सुखों की वर्षा की। नाम भक्त के अंग-संग रहकर उसकी प्रत्येक क्षण रक्षा करता है।



**सिरसा।** स्वामी दिनेशानंद महाराज श्रीमद भागवत कथा प्रवचन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अखिल भारतीय धर्मसभा के सरंक्षक महेश सुरेकां, प्रधान गौरव स्वामी, रतन सिंगला, हनुमान बंसल, हेमंत दड़ोलिया, पवन मित्तल, धनश्याम बंसल, अशोक गोयल, कमल सिंगला, दिपेश कांडा, अरुण बंसल, श्री श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग, कृष्ण लाल गर्ग, अशोक खट्टर सहित अनेक श्रद्धालुजन मौजूद थे।

#### प्रह्लाद भक्त का सुनाया प्रसंग

स्वामी दिनेशानंद ने प्रह्लाद भक्त का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भक्त प्रह्लाद को उसके पिता हिरण्यकिश्यप ने सर्पों से डसवाया, समुद्र में डाला, पर्वत से नीचे गिराया, अग्नि में जलाया, जेल में एक महीने तक बंद रखा व उसे अन्न-पानी तक नही दिया। भक्त प्रह्लाद के पिता ने उसका वध करने के लिए अनेक प्रकार के जतन किए, किंतु सांस-सांस में राम नाम का जाप करने वाले प्रह्लाद का कोई भी बाल भी बांका नही कर सका जाको राखे साईयां, मार सके ना कोए, बाल ना बांका कर सके जो जग बैरी हो। अर्थात नाम सर्व सुखों की खान है। नाम ने संसार में बड़े-बड़े पापियों का उद्धार किया है। नाम हर बिगड़ी को बनाने वाला है। स्वामी जी ने फरमाया कि नाम का जाप कर मनुष्य अपने हर दुख, तकलीफ से छुटकारा पा सकता है। कथा के उपरांत श्रीमद्भागवत कथा की आरती की गई और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

## खबर संक्षेप



### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत सामग्री रवाना

**रतिया।** खेती बचाओ किसान यूनियन ने रविवार को पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए एक ट्रक राहत सामग्री अजीतसर गुरुद्वारा साहब से पंजाब के लिए रवाना की। प्रधान जरनैल सिंह मलवाला, कार्यकारी प्रधान राजविंदर सिंह चहल व प्रदेश प्रवक्ता राम जाट ने बताया कि इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के मुख्य सेवादार द्वारा सभी लोगों की भलाई के लिए अरदास की गई और उसके बाद ट्रक को रवाना किया गया। यह ट्रक खेती बचाओ द्वारा गोद लिए गए गांव में पहुंचेगी और उसके बाद खेती बचाओ के सेवादारों द्वारा वहां पर गांव में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी जाएगी। प्रदेश प्रधान जरनैल सिंह ने बताया कि खेती बचाओ किसान यूनियन द्वारा पाकिस्तान बॉर्डर के पास गांव टाहलिया साहब को गोद लिया गया है और वहां पर बाढ़ पीड़ितों की सहायता की जाएगी।

### रिटायर कर्मचारी संघ करेगा पीड़ितों की मदद

**रतिया।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नागपुर की बैठक जगजीत सिंह जोहल ब्लॉक प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव राजकुमार हड़ोली ने किया। सभा में जिला प्रधान भोला सिंह नागपुर ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में पंजाब व हरियाणा में आई हुई प्राकृतिक आपदा में अपी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद करने का फैसला किया गया। जिला प्रधान भोला सिंह नागपुर ने बताया कि एक-दो दिन में जिला की बैठक रखकर सहायता राशि एकत्रित की जाएगी। उन्होंने कहा किरिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे काफी समय से लंबित है। सरकार इन मांगों को जायज मानती है लेकिन इन्हें लागू नहीं किया जा रहा है।

### जीएसटी में सुधार, केंद्र का ऐतिहासिक फैसला

**सिरसा।** केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में किए गए हालिया सुधारों को लेकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अभय शाह ने इसे एक ऐतिहासिक और जनहितैषी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी के तहत दरों में संशोधन, टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाने और छोटे व्यापारियों के लिए रिटर्न फाइलिंग को आसान बनाने जैसे कई ठोस कदम उठाए हैं।

### बाबा नामदेव सभा की कार्यकारिणी का गठन

**रतिया।** संत श्री बाबा नामदेव धर्मशाला में शिरोमणि बाबा नामदेव सभा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बलदेव सिंह ने पुरानी कमेटी को भंग करने की घोषणा की। बैठक में सर्वसम्मति से सेवानिवृत पटवरी हरदेव सिंह को प्रधान, करनैल सिंह सागू को कैशियर, हरि सिंह को सचिव नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारी भी नियुक्त किए गए।



### 15 दिन से आफत बनकर बरस रही बारिश

*बता दें कि पिछले 15 दिनों से यहां बारिश का प्रकोप जारी है। हिमाचल की पहाड़ियों में बारिश होने का सीधा असर फतेहाबाद पर पड़ रहा है। हिमाचल का पानी घग्गर से होता हुआ फतेहाबाद में प्रवेश करता है। वर्ष 2023 में यहां चांदपुरा के पास मूनक-खनौरी का बांध टूटने से फतेहाबाद जिले की एक लाख एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। चांदपुरा साइफन की क्षमता 22 हजार क्यूसिक है। हालांकि चांदपुरा में डेंजर प्वाइंट तक पानी पहुंचे, इससे पहले ही कहीं न कहीं तटबंध ओवरफ्लो या लीक हो जाते हैं। जिस कारण यहां के लोग बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि ऐसा पहली बार हो रहा है कि फतेहाबाद में भारी बरसात हो रही है और घग्गर के दोनों ओर खेत भी पानी से लबालब है।*

# घग्गर में जलस्तर बढ़ने की रफ्तार थमी बारिश से किसानों की धड़कनें बढ़ी

**घग्गर के दोनों ओर खेत भी पानी से लबालब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिमाचल की पहाडिय़ों व प्रदेश में पिछले दो दिनों से बरसात न होने से पिछले कई दिनों से घग्गर जलस्तर बढऩे की रफ्तार थमती नजर आ रही है। रविवार शाम को जिले के चांदपुरा साइफन पर घग्गर का जलस्तर 15400 क्यूसिक दर्ज किया गया। रविवार सुबह 6 बजे भी जलस्तर 15400 ही था जबकि एक दिन पूर्व यहां का जलस्तर 15160 क्यूसिक था। ऐसे में माना जा रहा है कि अगर बारिश थम जाती है तो यहां घग्गर के तटवर्ती क्षेत्रों में बसे लोगों के लिए उम्मीद भरी किरण होगी।

इस बीच रविवार को भी फतेहाबाद के चांदपुरा, कुलां व जाखल में बादल उमड़-उमड़ कर घग्गर के ऊपर से गुजरते रहे। किसानों की धडक़नें बारिश को लेकर घटती-बढ़ती रही।

बता दें कि पिछले 15 दिनों से यहां बारिश का प्रकोप जारी है। हिमाचल की पहाडिय़ों में बारिश होने का सीधा असर फतेहाबाद पर पड़ रहा है। हिमाचल का पानी घग्गर से होता हुआ फतेहाबाद में प्रवेश करता है। वर्ष 2023 में यहां चांदपुरा के पास मूनक-खनौरी का बांध टूटने से फतेहाबाद जिले की एक लाख एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। चांदपुरा साइफन की क्षमता 22 हजार क्यूसिक है। हालांकि चांदपुरा में डेंजर प्वाइंट तक पानी पहुंचे, इससे पहले ही कहीं न कहीं तटबंध ओवरफ्लो या लीक हो जाते हैं। जिस कारण यहां के लोग बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि ऐसा पहली बार हो रहा है कि फतेहाबाद में भारी बरसात हो रही है और घग्गर के दोनों ओर खेत भी पानी से लबालब है।

**प्रशासन की नाकामी पर गाज, डीसी का ट्रांसफर**

*प्रशासन की विफलता का अंदाजा लगाया जाता है कि सरकार ने भी प्रशासन की नाकामी के लिए सीधे तौर पर डीसी को माना और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के भूना से निकलने के कुछ ही घंटों में यहां के डीसी का ट्रांसफर कर दिया गया। यह बताना जरूरी है कि दो दिन पूर्व ही यहां से कांग्रेस के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने भी डीसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे और सोशल मीडिया पर अपने इस पोस्ट को सीएम के साथ टैग भी किया था।*

**तटबंध लीक हुए तो फिर आएगी बाढ़**

ऐसे में घग्गर का तटबंध थोड़ा-सा लीक हुआ तो बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। जिला प्रशासन ने इस बार लोगों को अपने रहमो-कर्म पर छोड़ रखा है। इसका ताजा उदाहरण भूना शहर को माना जा सकता है। भूना में न कोई घग्गर टूटी हैं, न कोई ड्रेन। सिर्फ बरसाती पानी ने ही भूना को डूबो दिया। पिछले 10 दिनों के भूना की सारी आबादी पानी में डूबी हुई है। स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, क्या दुकानें, सब बंद हैं। लोगों की नजर प्रशासन की ओर हैं।

## बाढ़ पीड़ितों की सहायता को कमेटी का गठन प्रभावित क्षेत्रों में भेजी जाएगी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

**रतिया शहर के प्रत्येक मोहल्ले से टीमें बनाई**

पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए रविवार को रतिया गुरुघर नाली मोहल्ला में नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं समाजसेवियों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु बाढ़ पीड़ित सहायता कमेटी, समूह नगर रतिया का गठन किया जाए। समिति का मुख्य उद्देश्य रतिया शहर के नागरिकों से सहयोग एकत्रित कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री और आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इसके लिए समिति ने तय किया है कि रतिया शहर के प्रत्येक मोहल्ले से टीमें बनाई जाएंगी, जो जमीनी स्तर पर जाकर सामग्री एवं सहयोग एकत्रित करेंगी। समिति में पूर्व पार्षद रूप सिंह, बाबा पाल सिंह, जरनैल सिंह, कर्मा सिंह, निर्भय सिंह, राज सिंह, रामा सिंह, अशोक कंबोज, बलवीर सिंह जखान दादी प्रधान, सुरेंद्र सिंह, गुरलाल सिंह, गोपी पार्षद वार्ड नं. 14 मनप्रीत सिंह तथा गुरसेवक खोखर शामिल हैं। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि घग्गर नदी का पानी उतरने के पश्चात पूरे शहर से राहत सामग्री एकत्रित कर पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचा दी जाएगी। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि इस मानवता की घड़ी में सभी नागरिक आगे आएँ और सहयोग का हाथ बढ़ाएँ, ताकि बाढ़ प्रभावित भाइयों-बहनों तक तुरंत और अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जा सके।

# दिन-रात की जा रही तटबंधों की निगरानी

**मशीनों और मिट्टी के कट्टों से लगातार हो रहा मजबूतीकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

**बारिश ने मचाई तबाही**

क्षेत्र से गुजरने वाली बरसाती नदी घग्गर में रविवार को जलस्तर में मामूली कमी देखने को मिली। घटता जलस्तर तटबंधों पर बसे ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। गुहला चीका में रविवार को बेशक जलस्तर में बढौतरी देखी गई लेकिन सरदूलगढ़ में करीबन डेढ़ हजार क्यूसिक जलस्तर कम हुआ जो राहत भरी खबर है। ग्रामीण व प्रशासनिक अधिकारी निरंतर घग्गर के तटबंध मजबूत करने में जुटे हुए हैं। शनिवार को फरवाई व बुर्जकर्मगढ़ के बीच घग्गर में हुए कटाव से हजारों एकड़ फसल जलमग्र हो गई। तटबंघों पर बसे गांवों के लोग भी गांव में पानी न घुसे इसके लिए aभी प्रयास करने में लगे हुए हैं। रविवार को हुई बरसात ने ग्रामीणों की परेशानी को बढ़ा दिया और तटबंधों को मजबूत करने में लगे कार्य में भी बाधा डाली।

जिला प्रशासन घग्गर नदी के जलस्तर और तटबंधों की सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरत रहा है। सिंचाई विभाग की 24 टीमें सेक्टर वाइज निरंतर निगरानी कर रही हैं। घग्घर के तटबंधों को और मजबूत करने के लिए मिट्टी के कट्टे लगाए जा रहे हैं, साथ ही जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से तटबंधों की मजबूती सुनिश्चित की जा रही है। बारिश के बावजूद टीमें लगातार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में जुटी हैं। ये टीमें ग्रामीणों के साथ लगातार संवाद बनाए हुए हैं और बिजली व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा एसडीएम, तहसीलदार व अन्य मौजूद रहे।





सिरसा। तटबंधों की निगरानी करते प्रशासनिक अधिकारी तथा मिट्टी के कट्टे भरने में जुटी ग्रामीण महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें हर समय अलर्ट

*उपायुक्त शांतनु शर्मा स्वयं स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। वर्तमान में जिला सिरसा में घग्घर नदी के मुख्य तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं और नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को और अधिक मजबूत व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रविवार को शाम को 7 बजे तक सरदूलगढ प्वाइंट पर घग्गर का जलस्तर 42380 क्यूसिक वहीं ओटू वीयर डाउन स्ट्रीम में 27550 क्यूसिक रहा। शनिवार सुबह छह बजे सरदूलगढ प्वाइंट पर घग्गर का जलस्तर लगभग 45500 क्यूसिक था। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीमें हर समय अलर्ट हैं।*

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सुमन अव्वल

**सिरसा।** भारत की भूमि केवल भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि संस्कृति, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहां हजारों वर्षों से सभ्यताएं पनपी, विभित्र पंथों और दर्शनों का उदय हुआ। ये शब्द लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने स्थानीय प्रीत नगर में सिलाई सेंटर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने काड़ा भासा की भूमि पूरे संसार में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है क्योंकि यह प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विशेषताओं से जुड़ी हुई है। साहुवाला ने कहा भारत को विश्व गुरू कहा जाता है क्योंकि यहां वैद्य, उपनिषद, योग, आयुर्वेद और ध्यान-साधना जैसी परंपराओं ने जन्म लिया।




### एमएम कॉलेज इतिहास विभाग का शानदार परिणाम, प्रियंका ने विश्वविद्यालय में पाया दूसरा स्थान

**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित एम.ए. हिस्ट्री प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज की छात्रा प्रियंका, एम.ए. फाइनल ईयर ने 540 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया और विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इसी प्रकार, रेशमा एम.ए. फस्ट ईयर ने 544 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम तथा विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान अर्जित किया। इतिहास विभाग के अन्य छात्र-छात्राओं में रितिका, प्रभव, पूनम और गगनदीप ने भी विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में जगह बनाई है जोकि एमएम कॉलेज के लिए गौरवान्वित करने वाला पल रहा। इन उपलब्धियों पर कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।




## सीबीएसई क्लस्टर में आपीएस ने अंडर 14 व 19 में वालीबॉल में जीते सिल्वर मेडल

- सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने आरपीएस की दोनों वालीबॉल टीमों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने एकबार फिर अपनी खेल प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-19 (आयु वर्ग) की टीमों ने सोनीपत में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों की टीमों ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तालमेल, संघर्षशीलता और खेल भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को बधाई दी। जबकि सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। विजेता आरपीएस की वालीबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सचिव डॉ. दिव्या ने ली बैठक

# महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बना रही सरकार

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

**करनाल बैठक का न्योता**

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सचिव डॉ. दिव्या सेठी ने रविवार को फतेहाबाद में महिला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। यहां पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत किया। डॉ. दिव्या सेठी ने बैठक में 11 सितम्बर को करनाल में होने वाली विस्तृत कार्यकारिणी समिति की बैठक के बारे में जानकारी दी तथा महिला कार्यकर्ताओं को निमंत्रण भी दिया। इसके अलावा भाजपा द्वारा 17 सितम्बर से शुरू होने जा रहे सेवा पखवाड़ा को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा हाई कमान के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर विजय दशमी पर्व तक विभिन्न सेवा प्रकल्पों में महिला कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर भाग लें। डॉ. दिव्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा हर वर्ष शुरू किया जाता है, जो पूरे देश में भाजपा की तरफ से मनाया जाता है। भाजपा का यह सेवा पखवाड़ा हर बार नया रिकॉर्ड कायम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक वट वृक्ष है। भारत देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है।




फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सचिव डॉ. दिव्या

### जिला उपाध्यक्ष सहित ये रहीं मौजूद

*इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, पूनम सिंगला, पूजा रानी, किरण नारंग, भारती सचदेवा, अन्जू खिची, नीलम मैहता, रूप मालती शर्मा, बीबो इन्दौरा, अन्जू मैहता, कंचन भाटिया, गीता कसवां, अन्जू बिश्नोई, सपना, दीपा, अंजना सहित अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।*